Helpline 1064

WhatsApp 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- कोटा देहात में दानमल एफआरटी कर्मचारी व पंकज वर्मा, कनिष्ठ अभियंता जेवीवीएनएल सुल्तानपुर जिला कोटा 1,000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 22 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. कोटा देहात द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **दानमल फाल्ट रिमूवल टीम कर्मचारी व पंकज वर्मा, कनिष्ठ अभियंता, जेवीवीएनएल सुल्तानपुर जिला कोटा** को आपसी मिलीभगत कर परिवादी के पिताजी के नाम बिजली कनेक्शन की वीसीआर नहीं भरने की एवज में परिवादी से 1,000/- **रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. कोटा देहात को दिनांक 20.07.2026 को परिवादी ने एक लिखित शिकायत इस आशय की पेश की कि मेरे पिताजी के नाम पर (बिजली कनेक्शन) घर पर बिजली का मीटर लगा हुआ है। सुल्तानपुर बिजली विभाग के जे.ई.एन. पंकज कुमार हमारे घर के फोटो खिंचकर कल दिनांक 19.07.2026 को दिन में 12 बजे करीब ले गया। दानमल निवासी सुल्तानपुर बिजली विभाग के ठेके पर बिजली विभाग की गाडी पर तार जोडने का काम करता है। पंकज कुमार जे.ई.एन. हमारी वीसीआर नहीं भरने के एवज में उनके दलाल श्री दानमल निवासी सुल्तानपुर के मार्फत मेरे से 7,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहा है।

जिस पर ए.सी.बी. कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री ओमप्रकाश मीणा** के सुपरविजन में ए.सी.बी. कोटा देहात के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गोपाल सिंह कानावत** के नेतृत्व में शिकायत का गोपनीय मांग सत्यापन की कार्यवाही करवाई गई। दौराने गोपनीय सत्यापन परिवादी के रिश्वत राशि कम करने के निवेदन पर दोनों आरोपीगण ने परिवादी से बात कर 2,000/- रूपये रिश्वत मांगकर 1,000/- रूपये रिश्वत राशि आरोपी दानमल ने परिवादी से प्राप्त कर लिये। आज गोपाल सिंह कानावत अति. पुलिस अधीक्षक एसीबी कोटा देहात के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री शरीफ अहमद** एवं टीम ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी दानमल एफआरटी कर्मचारी ने रिश्वत मांग के क्रम में 1,000/- रूपये शेष रिश्वत राशि परिवादी से ग्रहण करी जो राशि आरोपी दानमल से बरामद की गई। आरोपी पंकज वर्मा कनिष्ठ अभियंता की मिलीभगत पाये जाने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हैल्पलाईन नम्बर 1064 एवं व्हाटसएप हैल्पलाईन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।